| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
# MIDDLE SECTION
# HALF - YEARLY EXAMINATION 2019-20

## SUBJECT - HINDI ( SECOND LANGUAGE)

Code:MWHN207

CLASS: V — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

22.09.2019 — Max .Marks: 80

**निर्देश :**

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

## खंड (क) पदय व गदय

**प्रश्न** — Marks

**प्रश्न 1** *निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* **1×5=5**

(क) **"बड़ा हुआ तो क्या हुआ,जैसे पेड़ खजूर ।**
**पंथी को छाया नहीं,फल लागै अति दूर ।।"**

1. ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?
2. खजूर का पेड़ कैसा होता है ?
3. पंथी को क्या-क्या नहीं मिलता ?
4. कवि के अनुसार बड़ा कौन है ?
5. '**पंथी**' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(ख) **"वह पक्का निशानेबाज़ था ।खेल खेलते समय उसकी कोई गेंद खाली नहीं गई ।देखने वाले दंग रह गए। उसने बारह खिलौने बटोर लिए ।"** **1×5=5**

1. 'वह' सर्वनाम किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
2. उसकी एक विशेषता लिखिए ।
3. देखने वाले क्यों दंग रह गए ?
4. उसने कितने खिलौने बटोर लिए थे ?

5 'गई' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न 2** *दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।* 1×6=6

**1** दैव **2** कढ़ी **3** जी **4** दोऊ **5** उद्यम **6** पौन

**प्रश्न 3** *निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए ।* 1×5=5

1 पशु पक्षी ________________से व्याकुल थे ।
2 समस्त नगरवासियों का ________________________हो गया ।
3 यह मेला विविधता में एकता का अच्छा ________________________ है ।
4 लड़का चुपचाप _______________ पीने वालों को देख रहा था ।
5 चिड़िया का ________________हुआ ।

**प्रश्न 4 नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** 1×4=4

1 अकाल 2 छुट्टी 3 व्याकुल 4 बीमार

**प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही √ और गलत ×का निशान लगाइए।** ½×6=3

1 गोविंद का अर्थ है भगवान ।
2 हवा के वेग से बूँद नदी की ओर चली गई ।
3 सूरजकुंड हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले में स्थित है ।
4 छोटे जादूगर के घर में उसके अतिरिक्त तीन और सदस्य थे ।
5 सुप्रिया निर्धन स्त्री थी ।
6 भारतीय कला एवं वास्तुकला की कहानी हड़प्पा सभ्यता से प्रारंभ होती है ।

**प्रश्न 6** *दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।* 1×6=6

1 बूँद किसकी गोद से निकली ?
2 सूरजकुंड के मेले में किन चीज़ों को देखा जा सकता है ?
3 लड़के के पिता जेल में क्यों थे ?
4 बिजली कहाँ जगमगा रही थी ?
5 विद्या रूपी धन कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?
6 महान संतों के दोहों की सीख का हमें क्या करना चाहिए ?

**प्रश्न 7** *किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (only 3)* 2×3=6

1 भारतीय मेलों में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं ।इस विषय पर अपने विचार लिखिए ।
2 आँखों से बहते अश्रु पोंछकर सुप्रिया ने बुद्धदेव से क्या कहा ?

3 'कर्म या भाग्य' आदमी को किस पर भरोसा करना चाहिए ?
4 'छोटा जादूगर' शीर्षक कहानी से आपको क्या संदेश मिलता है ?

## खंड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 8** *निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।* **1×2=2**

1 बादल
2 हरियाली

**प्रश्न 9** *निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए ।* **1×2=2**

1 युवक 2 बुद्धिमान

**प्रश्न10** *निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।* **1×3=3**

1 महाराज गरीबों को दान दे रहे हैं ।
2 चिड़िया पेड़ पर बैठी है ।
3 सेवक दीपावली की सफाई कर रहा है ।

**प्रश्न11** *निम्नलिखित वाक्यों में से चार सर्वनाम शब्दों को चुनकर लिखिए ।* **½×4=2**

1 यह मेरी पुस्तक है ।
2 जो सत्य बोलता है, वह नहीं डरता ।

**प्रश्न12** *निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए ।* **1×3=3**

1 तुम __________ जा रहे हो ?
2 मैं अपना काम __________ करता हूँ ।
3 __________ पिताजी कल आएँगे ।

**प्रश्न13** *निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।* **½×8=4**

क) जग ख) हवा ग) सेवक घ) गुरु

**प्रश्न14** *निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए ।* **1×3=3**

1 चित्र बनाने वाला ____________________
2 ईमानदारी से काम करने वाला ____________________
3 हाथ से लिखा हुआ ____________________

**प्रश्न15** *निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।* **1×3=3**

क) आशा ख) जीत ग) शक्तिशाली

## खंड (ग) रचना

**प्रश्न16** ***दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 20-25 शब्दों में कीजिए।*** **3**



**प्रश्न17** ***नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।***

एक बार एक आदमी एक हाथी को रस्सी से बाँधकर ले जा रहा था । राहुल इसे देख रहा था । उसे बड़ा आश्चर्य हुआ कि इतना बड़ा जानवर इस हल्की सी रस्सी से बँधा जा रहा है ।राहुल ने मालिक से पूछा "यह कैसे हो सकता है कि इतना बड़ा जानवर एक हल्की सी रस्सी को नहीं तोड़ पा रहा है और तुम्हारे पीछे चल रहा है।"मालिक ने बताया कि ये हाथी जब छोटे होते है तब इन्हें मोटी रस्सी से बाँधा जाता है उस समय ये कोशिश करते हैं परंतु रस्सी नहीं तोड़ पाते इसलिए बड़े होने पर कोशिश करना ही छोड़ देते हैं ।राहुल समझ गया कि हम भी बहुत सी गलत बातें अपने दिमाग में बैठा लेते हैं कि हम नहीं कर सकते और कोशिश करना भी छोड़ देते हैं ।जो सही नहीं है।

***<u>प्रश्न</u>***

**1** राहुल क्या देख रहा था ? **1**

***2*** उसे किस बात का आश्चर्य हुआ ? **1**

**3** छोटे हाथी को कैसी रस्सी से बाँधा जाता है ? **1**

**4** राहुल क्या समझ गया ? **1**

**5** 'एक बार एक आदमी एक हाथी को रस्सी से बाँधकर ले जा रहा था।' इस वाक्य में से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए । **½×2=1**

**प्रश्न18** ***किसी एक विषय पर लगभग 60 से 80 शब्दों में निबंध लिखिए।*** **10**

***1*** मेरी माँ ***2*** सम्मान ***3*** तिरंगा झंडा

End of the question paper.